बाबासाहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली, 06 दिसंबर, 2021: भारत के राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविंद ने आज बाबासाहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री एम. वेंकैया नायडु, भारत के प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने भी बाबासाहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश, केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों ने भी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी।

लोक सभा और राज्य सभा के महासचिव, क्रमश: श्री उत्पल कुमार सिंह और श्री पी.सी. मोदी ने भी इस अवसर पर डॉ. बी. आर. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।